भवन समन्वय समिति
भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रूड़की

सं0 सी0सी0बी0/153/पी–11 (चावल) दिनांकः जुलाई 11 ,2025

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान की सी.सी.बी. द्वारा संचालित सभी भवन मैसों (आजाद, सरोजिनी, विज्ञान एवं ईडब्लूएस) में दिनॉक 01.08.2025 से 30.09.2025 तक के लिए चावल की आपूर्ति हेतु निविदा प्रपत्र।

| | |
|---|---|
| फर्म का नाम व पता | |
| जी0एस0टी0 न0 | |
| फूड लाइसेंस न0 | |
| पैन न0 | |
| मो0 न0 | |
| ईमेल आईडी | |
| निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि | दि0 21/07/2025 (सोमवार) को सांय 03–00 बजे तक |
| निविदा खुलने की तिथि व समय | दि0 21/07/2025 (सोमवार) को सांय 03–30 बजे |
| निविदा जमा करने का स्थान | सी0सी0बी0 कार्यालय, मेन बिल्डिंग, आई0आई0टी0 रूड़की |
| निविदा खुलने का स्थान | सरोजिनी भवन मैस |

| क्र0 सं0 | वस्तु का नाम | अनुमानित मात्रा | प्रति यूनिट | ब्रांड का नाम | दरें बिना जी. एस.टी. अंकों में | दर शब्दों में | जी.एस.टी. की दर | दरें ज़ी.एस.टी. सहित अंको में |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चावल सेला सर्बती | 130 कुन्तल | प्रति कुन्तल | | | | | |
| 2 | चावल सेला बासमती | 15 कुन्तल | प्रति कुन्तल | | | | | |
| 3 | चावल मोटा | 17 कुन्तल | प्रति कुन्तल | | | | | |

नोटः– 1. कृपया टेन्डर के साथ सैम्पल अवश्य दें।
2. चावल का सैम्पल कम से कम 1 किलो भेजें।

for Central Purchase Officer
CCB, IIT Roorkee

निविदादाता के हस्ताक्षर____________________

नियम व शर्तें :–

1. सभी निविदायें मुहरबन्द लिफाफे में अध्यक्ष, भवन समन्वय समिति, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रूड़की के नाम होनी चाहिए। खुला निविदा प्रपत्र स्वीकार नही किया जाएगा।
2. केन्द्रीय क्रय अधिकारी/अध्यक्ष, भवन समन्वय समिति को यह अधिकार सुरक्षित है कि निविदा का कोई अंश अथवा समस्त भाग निरस्त कर सकते हैं। उसके लिये कोई कारण बतानां अनिवार्य नही है।
3. उपरोक्त तिथि एवं समय के पश्चात् कोई निविदा स्वीकार नही की जायेगी।
4. टेण्डर में कटिंग व ओवर राइटिंग न करें, कटिंग होने पर दोबारा साफ–साफ लिख कर अपने हस्ताक्षर करें अन्यथा टेण्डर निरस्त भी किया जा सकता है।
5. ठेका एक से अधिक ठेकेदारों को दिया जा सकता है।
6. ठेका बिना कारण बताए किसी भी समय निरस्त किया जा सकता है।
7. आपूर्ति न कर पाने या आपूर्ति स्वीकृत सैम्पल के अनुसार न कर पाने की दशा में ठेकेदार की धरोहर राशि जब्त की जा सकती है तथा अन्य जुर्माना भी लगाया जा सकता है।
8. चावलों की दरें चावलों को संस्थान की मैसों तक पहुचाने व सभी करों सहित होनी चाहिए।
9. ठेकेदार को चावलों की आपूर्ति सी.सी.बी. द्वारा संचालित मैसों (आजाद, सरोजिनी, ईडब्लूएस एवं विज्ञान भवन) में उनकी आवश्यकतानुसार समय पर करनी होगी।
10. अध्यक्ष, भवन समन्वय समिति का निर्णय अन्तिम तथा सर्वमान्य होगा।
11. बिल का भुगतान सम्बन्धित मैसों द्वारा किया जायेगा। भुगतान हेतु बिल सामान के साथ ही प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
12. **निविदा में दी गई चावलों की मात्रा अनुमानित है तथा यह मात्रा 25% तक घट या बढ सकती है।**
13. **सप्लायर द्वारा निविदा में दी गई दरों को स्वीकृत किए जाने पर 01.08.2025 से 3.09.2025 के मध्य दरों में किसी भी प्रकार की वृद्धि किया जाना सम्भव नहीं होगा।**
14. **निविदा के साथ ही चावलों के सैम्पल उपलब्ध कराना आवश्यक है। बिना सैम्पल की निविदा को अस्वीकार किया जाएगा। सैम्पल की मात्रा कम से कम 500 ग्राम होनी चाहिए। 500 ग्राम से कम सैम्पल के रेट पर विचार नहीं किया जाएगा। स्वीकृत सैम्पल को सी0सी0बी0 द्वारा रख लिया जाएगा जिसका सी0सी0बी0 द्वारा भुगतान किया जाएगा। अस्वीकृत सैम्पल सप्लायर दिनांक 31.07.2025 तक अवश्य वापस ले लें।**
15. **वर्तमान में आजाद, सरोजिनी, विज्ञान एवं ईडब्लूएस भवन मैस का संचालन हो रहा है।**
16. **संस्थान की मैसों में आपूर्ति करने हेतु आने–जाने के लिए संस्थान के सुरक्षा नियमों का पालन करना होगा तथा प्रवेश हेतु पास बनवाने की प्रक्रिया सप्लायर द्वारा किया जाना होगा।**

निविदा जारी करने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर

निविदादाता के हस्ताक्षर______________________

दिनांक:______________________

for [signature]
केन्द्रीय क्रय अधिकारी
भवन समन्वय समिति